**निबंधन एवं शर्तें**
**वरिष्ठ परामर्शदाता (यूआईपी-आपूर्ति श्रृंखला)**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से संविदा के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है।

**भूमिका एवं उत्तरदायित्व**:

1. एडी सिरिंज़िज और कोल्ड चेन लॉजिस्टिक सहित नेमी प्रतिरक्षण कार्यक्रम से संबंधित वैक्सीन और लॉजिस्टिक्स आपूर्तियों की मॉनीटरिंग करने में संयुक्त आयुक्त (यूआईपी) की सहायता करना।
2. ईविन (इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क) के कार्यान्वयन एवं ईविन राज्यों में वैक्सीन उपयोग के लिए आंकड़ों के संकलन हेतु ईविन का उपयोग करने में संयुक्त आयुक्त (यूआईपी) की सहायता करना तथा सभी राज्यों में वैक्सीन भंडार स्थानों के विभिन्न स्तरों पर स्टॉक की स्थिति के संबंध में अद्यतन स्थिति उपलब्ध कराना।
3. यह सुनिश्चित करना कि ईविन राज्यों में वैक्सीन की आपूर्ति राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की उपयोग पद्धति के अनुसार की जा रही है।
4. व्यापक प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत वैक्सीन और संबंधित लॉजिस्टिक्स संभावनाओं की गणना करना तथा उसके अनुमोदन के लिए मांग पत्र तैयार करना/अनुवर्ती कार्रवाई करना तथा ऐसा ही अधिप्राप्ति प्रभाग और एजेंसियों के साथ करना।
5. आरआई संबंधित लॉजिस्टिक्स की अधिप्राप्ति के संबंध में संबंधित विभागों/हितधारकों से संपर्क करना।
6. राष्ट्रीय एवं राज्यों के स्तर पर भी निर्माता तथा प्रेरेषितियों के साथ वैक्सीन के स्टॉक के संबंध में जानकारी लेने में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सहायता करना।
7. वैक्सीनों तथा संबंधित लॉजिस्टिक्स के स्टॉक की राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर स्थिति से संबंधित रिकॉर्ड का रख-रखाव करना तथा वैक्सीन की आपूर्ति की स्थिति के संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अधिकारियों को समय से सूचित करना।
8. आईपीवी, रोटावायरस तथा पीसीवी वैक्सीन जैसी नई वैक्सीनों के प्रारंभ होने से संबंधित वैक्सीन संगणनाओं/संभावनाओं के संबंध में सहायता करना तथा निर्धारित सरकारी प्रक्रिया के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर नए प्रेरेषितियों का सृजन करना और आपूर्ति की स्थिति पर निगरानी रखना।
9. सभी राज्यों पर वैक्सीन की बर्बादी और बफर स्टॉकों पर निगरानी रखना तथा सुधारात्मक कार्रवाई सुझाना।
10. आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी करने तथा उसका मूल्यांकन करने के लिए राज्यों में क्षेत्रीय दौरे करना।
11. बजट को समेकित करने में सहायता करना तथा वैक्सीनों एवं अन्य लॉजिस्टिक्स की लागत समायोजनों से संबंधित सिंहावलोकन उपलब्ध कराना।
12. वैक्सीनों के संबंध में सूचना के मिलान, संकलन तथा विश्लेषण के लिए उपभोक्ता अनुकूल पद्धति विकसित करना
13. आसानी से पुनःप्राप्ति हेतु आरआई रिपोर्टों को अद्यतन करना तथा अभिलेखबद्ध करना।
14. टीओआर से संबंधित बैठकों के कार्यवृत्तों के प्रलेखीकरण में सहायता करना तथा बैठकों के दौरान सहमत बिंदुओं पर कार्रवाई करने के लिए नियमित रूप से अनुवर्ती प्रक्रिया करना।
15. पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों/क्रियाकलापों का निष्पादन करना।
16. उपर्युक्त सभी कार्यों को एक समयबद्ध तरीके से पूरा करना।

**पात्रता**:

1. प्रबंधन अथवा अन्य किसी संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।
2. वैक्सीन, सिरिंजों तथा कोल्ड चेन की आपूर्ति से संबंधित नेमी प्रतिरक्षण की आयोजना और रख-रखाव में राष्ट्रीय स्तर पर कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।
3. कंप्यूटर एप्लीकेशनों, विशेष रुप से एमएस ऑफिस का ज्ञान एवं उसमें प्रवीणता।
4. अंग्रेजी लिखने और बोलने का ज्ञान तथा हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान अपेक्षित।

5. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/आरसीएच में राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
6. यदि अभ्यर्थियों का उच्च गुणवत्ता का कार्य प्रकाशित हुआ है अथवा किसी विशेष क्षेत्र में कार्य का अनुभव है, तो उनकी औपचारिक शैक्षिक अर्हता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

**वांछनीय**:

1. वैक्सीन, सिरिंजों तथा गोल्ड चेन की नियमित प्रतिरक्षण संबंधी आपूर्तियों की आयोजना और उनके रख-रखाव का अनुभव।

**आयु:** आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 55 वर्ष। गहन क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अभ्यर्थी का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए।

**पारिश्रमिक सीमा**: अनुभव एवं योग्यता के अनुसार 90,000/- रुपए से 1,50,000/- रुपए प्रतिमाह।

**स्थान**: नई दिल्ली राज्यों और जिलों की यात्रा करने की सहमति के साथ।

**आवेदन करने के लिए:**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **17-Jun-2020** तक rch.recruitment@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।